काज़ीरंगा परियोजना पर भारत- फ्राँस साझेदारी

भारत और फ्रॉन्स काज़ीरंगा परियोजना पर सहयोग कर रहे हैं।

- फ्रॉन्स के एजेन्स फ्रैंकाइस डी डेवेलोपेमेंट (AFD) ने वर्ष 2014-2024 के बीच 10 वर्ष साल की अवधि के लिये 80.2 मिलियन यूरो का वित्त पोषण किया है।

काज़ीरंगा परियोजना:

- काज़ीरंगा परियोजना वन और जैव विविधता संरक्षण (APFBC) इस परियोजना का एक हिस्सा है।
  - असम सरकार ने AFD के समर्थन से वर्ष 2012 में वन पारिस्थितिकि तंत्र को बहाल करने, वन्यजीवों की रक्षा करने और वन-निर्भर समुदायों की आजीविका बढ़ाने के लिये APFBC की शुरू किया।
- इस परियोजना ने वर्ष 2024 तक 33,500 हेक्टेयर भूमि के पुनर्वनीकरण और वैकल्पिक आजीविका में 10,000 समुदाय के सदस्यों के प्रशिक्षण की अवधारणा की।

काज़ीरंगा राष्ट्रीय उद्यान से संबंधित प्रमुख बिंदु:

- **अवस्थिति:** यह **असम राज्य में** स्थित है और 42,996 हेक्टेयर क्षेत्र में फैला है।
  - यह **ब्रह्मपुत्र घाटी बाढ़ के मैदान में एकमात्र सबसे बड़ा अविभाजित और प्रतिनिधि क्षेत्र** है।
- **वैधानिक स्थिति:**
  - इस उद्यान को **वर्ष 1974 में राष्ट्रीय उद्यान घोषित** किया गया था।
  - इसे **वर्ष 2007 में टाइगर रिज़र्व घोषित** किया गया।
- **अंतर्राष्ट्रीय स्थिति:**
  - इसे वर्ष 1985 में **यूनेस्को की विश्व धरोहर** घोषित किया गया था।
  - इसे **बर्डलाइफ इंटरनेशनल द्वारा एक महत्त्वपूर्ण पक्षी क्षेत्र के रूप में मान्यता दी गई है।**
- **जैव विविधता:**
  - विश्व में सर्वाधिक **एक सींग वाले गैंडे** काज़ीरंगा राष्ट्रीय उद्यान में ही पाए जाते हैं।
    - गैंडो की संख्या के मामले में असम के काज़ीरंगा राष्ट्रीय उद्यान के बाद पोबतिोरा (Pobitora) वन्यजीव अभयारण्य का दूसरा स्थान है, जबकि पोबतिोरा अभयारण्य विश्व में गैंडों की उच्चतम जनसंख्या घनत्व वाला अभयारण्य है।
  - काज़ीरंगा में संरक्षण प्रयासों का अधिकांश ध्यान 'चार बड़ी ' प्रजातियों- राइनो, हाथी, रॉयल बंगाल टाइगर और **एशियाई जल भैंस** पर केंद्रित है।
    - वर्ष 2018 की जनगणना में 2,413 गैंडे और लगभग 1,100 हाथी थे।
    - वर्ष 2014 में आयोजित **बाघ जनगणना** के आँकड़ों के अनुसार, काज़ीरंगा में अनुमानित 103 बाघ थे, उत्तराखंड में**जिम कॉर्बेट राष्ट्रीय उद्यान** (215) और कर्नाटक में **बांदीपुर राष्ट्रीय उद्यान** (120) के बाद भारत में यह तीसरी सबसे बड़ी आबादी है।
  - काज़ीरंगा में भारतीय उपमहाद्वीप में पाए जाने वाले प्राइमेट्स की 14 प्रजातियों में से 9 का निवास भी है।
- **नदियाँ और राजमार्ग:**
  - इस उद्यान क्षेत्र से राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या-37 गुज़रता है।
  - उद्यान में लगभग 250 से अधिक मौसमी जल निकाय (Water Bodies) हैं, इसके अलावा डिफोलू नदी (Dipholu River) इससे होकर गुज़रती है।



7 NATIONAL PARKS IN ASSAM

- 6th : Raimona National Park (Notified in 2021)
- 7th : Dihing Patkai National Park (Notified in June 2021)

UPSC सिविल सेवा परीक्षा विगत वर्ष के प्रश्न

प्रश्न: निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिये: (2013)

राष्ट्रीय उद्यान	पार्क से बहने वाली नदी
1. कॉर्बेट राष्ट्रीय उद्यान -	गंगा
2. काज़ीरंगा राष्ट्रीय उद्यान -	मानस
3. साइलेंट वैली राष्ट्रीय उद्यान -	कावेरी

उपर्युक्त युग्मों में से कौन-सा/से सही सुमेलित है/हैं?

(a) केवल 1 और 2
(b) केवल 3
(c) केवल 1 और 3
(d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

उत्तर: (d)

व्याख्या:

- **जिम कॉर्बेट राष्ट्रीय उद्यान:** गंगा नदी की एक सहायक नदी रामगंगा पार्क के लिये पानी का प्राथमिक स्रोत है। रामगंगा की सहायक नदियाँ- खोह, कोलहू और मंडल नदियाँ हैं। **अत: युग्म 1 सुमेलित नहीं है।**
- **काज़ीरंगा राष्ट्रीय उद्यान:** यह विश्व के एक सींग वाले गैंडों के लगभग दो-तिहाई की मेज़बानी करने वाला एक पार्क है और ब्रह्मपुत्र नदी से घिरा है। ब्रह्मपुत्र इसकी उत्तरी एवं पूर्वी सीमा बनाती है, जबकि मोरा डफ्लिू दक्षिणी सीमा बनाती है। पार्क के भीतर अन्य उल्लेखनीय नदियाँ डफ्लिू, मोरा और धनसिरी हैं। **अत: युग्म 2 सही सुमेलित नहीं है।**
- **साइलेंट वैली राष्ट्रीय उद्यान:** केरल में स्थित इस पार्क का पूरा क्षेत्र कुंतीपुझा नदी के उत्तर से दक्षिण की ओर है। यह नीलगिरि बायोस्फीयर रिज़र्व का हिस्सा है। **अत: युग्म 3 सुमेलित नहीं है।**

अत: विकल्प (d) सही उत्तर है।

स्रोत: इंडियन एक्सप्रेस

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/indo-french-partnership-on-kaziranga-project